Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

अध्याय – 2 | अम्ल, क्षारक एवं लवण

QUIZ PART-04

1. pH स्केल की परास होती है –
   A. 0 – 7 B. 1 – 12
   C. 7 – 14 D. 0 – 14 (D)

व्याख्या : pH स्केल 0 से 14 तक होती है, जिससे किसी द्रव्य की अम्लीय, क्षारीय या उदासीन प्रकृति पता चलती है।

2. जिस द्रव्य का pH मान 7 होता है, वह होता है –
   A. अम्लीय B. क्षारीय
   C. उदासीन D. तीव्र अम्ल (C)

व्याख्या : pH = 7 दर्शाता है कि द्रव्य उदासीन है, जैसे शुद्ध जल।

3. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ सर्वाधिक क्षारीय है?
   A. नींबू का रस
   B. शुद्ध जल
   C. ममल्क ऑफ मैग्नेशिया
   D. सोडियम हाइड्रॉक्साइड (D)

व्याख्या : सोडियम हाइड्रॉक्साइड का pH 14 होता है, जो उसे एक शक्तिशाली क्षार बनाता है।

4. नींबू के रस का pH मान होता है –
   A. 10 B. 7
   C. 2.2 D. 5.5 (C)

व्याख्या : नींबू का रस अम्लीय होता है और उसका pH लगभग 2.2 होता है।

5. pH स्केल पर pH > 7 दर्शाता है कि विलयन की प्रकृति है –
   A. अम्लीय B. उदासीन
   C. क्षारीय D. गैसीय (C)

व्याख्या : pH > 7 का अर्थ है कि वह विलयन क्षारीय है।

6. मुँह का pH जब 5.5 से कम हो जाता है, तब क्या होता है?
   A. पाचन रुक जाता है B. मुँह सूख जाता है
   C. दाँतों का क्षय होता है D. स्वाद बढ़ जाता है (C)

व्याख्या : 5.5 से कम pH पर मुँह में अम्ल बनने लगते हैं जिससे दाँतों की इनैमल नष्ट होती है।

7. अम्लीय वर्षा का pH मान सामान्यतः होता है –
   A. 6.0 B. 7.0
   C. 5.6 से कम D. 9.5 (C)

व्याख्या : जब वर्षा जल का pH 5.6 से कम होता है तो उसे अम्लीय वर्षा कहते हैं।

8. शुद्ध जल का pH मान क्या होता है?
   A. 2 B. 7
   C. 10 D. 12 (B)

व्याख्या : शुद्ध जल एक उदासीन द्रव्य है जिसका pH 7 होता है।

9. मुँह में अम्लता को कम करने के लिए किसका उपयोग करना चाहिए?
   A. एसिड B. फ्लोराइड
   C. क्षारीय टूथपेस्ट D. नींबू पानी (C)

व्याख्या : क्षारीय टूथपेस्ट मुँह की अतिरिक्त अम्लता को उदासीन करने में मदद करता है।

10. निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक अपच की स्थिति में उपयोग होता है?
    A. HCl B. NaCl
    C. $Mg(OH)_2$ D. KOH (C)

व्याख्या : ममल्क ऑफ मैग्नेशिया ($Mg(OH)_2$) एक क्षार है जिसका उपयोग अम्लता से राहत पाने के लिए किया जाता है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App